**संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 द्वारा कनिष्ठ अनुवादक के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए सूचना**

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 का परिणाम दिनांक 25 जुलाई 2025 को घोषित किया गया है । संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 के द्वारा कुल 12 अभ्यर्थियों को कनिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में मनोनीत किया गया।

2. भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में राजभाषा कैडर केंद्रीयकृत है तथा पूरे भारत में स्थानांतरण की देयता है | यद्यपि कनिष्ठ अनुवादक के पद पर राज्य में स्थित कार्यालय में प्रारम्भिक नियुक्ति अभ्यर्थियों की मेधा एवं उनके द्वारा दिए गए राज्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा |

3. कनिष्ठ अनुवादक के पद के लिए मनोनीत अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रारम्भिक राज्य का आबंटन कंप्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जायेगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें, log into the URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice और अपने व्यकितगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म की विस्तृत जानकारी भरें । ऑनलाइन प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2025 से प्रारम्भ होगी तथा 27 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगी |

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सम्बंधित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें। विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात अपने व्यक्तिगत सूचना (एक प्रति), राज्य प्राथमिकता (एक प्रति) और सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) का प्रिंट ले लें। इसकी मूल प्रति पर अपने हस्ताक्षर कर के इसे कार्यालय को दिनांक 10 नवंबर 2025 तक प्राप्त होना सुनिश्चित करें |

5. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 और पदनाम अर्थात कनिष्ठ अनुवादक अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म को स्पीड पोस्ट से निम्न पते भेजें:-

**श्री सुमीत कुमार**

**सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)**

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,**

**9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग,**

**नई दिल्ली - 10124**